प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 05.07.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- सट्टे की खाईबाडी करते 02 आरोपी गिरफ्तार थाना गलशहीदः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 05.07.2024 को उ0नि0 अमर मलिक थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्तगण 1.रवि सैनी पुत्र रामगोपाल निवासी ग्राम हरियाणा पोस्ट कुन्दरकी थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद, 2.विवेक कुमार उर्फ सिद्धार्थ द्विवेदी पुत्र मदन किशोर द्विवेदी निवासी मौहल्ला सीतापुरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को सट्टे की खाईबाडी करते गिरफ्तार किया गया। मौके पर अभियुक्तगण के कब्जे से 54 सट्टा पर्ची, 15,800/- रूपये, 02 पैन एवं 02 डायरी बरामद की गयी। इस संबंध में थाना गलशहीद पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 104/2024 धारा- 3/4 सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2. एक राय होकर गाली गलौच, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के अभियोग में नामित आरोपिता गिरफ्तार थाना मैनाठेरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 04.07.2024 को वादी श्री नासिर पुत्र छुननन निवासी ग्राम डींगरपुर थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद ने आरोपीगण द्वारा एक राय होकर ट्रक के बँटवारे को लेकर वादी के घर में घुसकर वादी व वादी की पत्नी के साथ गाली गलौच, मारपीट,जान से मारने की नियत से चाकू से हमला कर गम्भीर चोट पहुँचाने व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना मैनाठेर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मैनाठेर पर मु0अ0सं0- 231/2024 धारा-191(2)/191(3)/333/115(2)/118(1)/352/ 351(3)/109 भारतीय न्याय संहिता 2023 बनाम कासिम आदि पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 05.07.2024 को उ0नि0 कुलदीप कुमार व म0उ0नि0 श्रीमती कामिनी थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियोग में नामित आरोपिता हिना उर्फ तराना पत्नी साजिद हुसैन निवासी ग्राम डींगरपुर थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।